हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 मार्च 2025

11 फतेहाबाद में डीसी कार्यालय पर किसानों ने किया प्रदर्शन...



12 सांसद बराला ने की रेलवे संशोधन विधेयक की जोरदार पैरवी...



## खबर संक्षेप

### महिला सरपंच से मारपीट, मामला दर्ज

**फतेहाबाद।** मनरेगा का काम चैक करने जा रही गांव सिरढ़ान की महिला सरपंच से गांव के ही एक युवक द्वारा मारपीट करने और जातिसूचक गालियां निकालने का समाचार है। इस मामले में घायल सरपंच व उसकी देवरानी को भट्टूकलां के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सिरढ़ान निवासी सुमन देवी ने कहा है कि गत दिवस वह अपने देवर धोलू राम के साथ मनरेगा का काम चैक करने के लिए जा रहे थे।

### नशे की ओवरडोज से मौत, दो गिरफ्तार

**डबवाली।** गांव चौटाला में एक युवक की कथित रूप से नशे की ओवरडोज से हुई मौत के मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर नशा सप्लाई करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को चौटाला पुलिस चौकी प्रभारी आनंद कुमार ने बताया कि इस मामले में मृतक के चाचा लखविंदर सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है।

### अवैध शराब निकालते एक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नाजायज शराब निकालने वालों की धरपकड़ करते हुए टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सिकन्दर पुत्र अशोक सिंह निवासी लोहाखेड़ा ढाणी के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना पुलिस की टीम एएसआई जग्गा सिंह के नेतृत्व में गश्त पर थी तो पुलिस को सूचना मिली कि सिकन्दर पुत्र अशोक सिंह निवासी लोहाखेड़ा ढाणी अपने घर पर नाजायज शराब निकालने की तैयारी कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि सिकन्दर नामक युवक अपने घर में पशुओं वाले बाड़े में नाजायज शराब निकाल रहा था। पुलिस ने छापेमारी कर उसे मौके से काबू कर लिया। पुलिस ने मौके से 70 लीटर लाहन बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर टोहाना में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## प्रधान दिनभर पार्षदों के साथ करते रहे बैठकें, नहीं बनी बात

# प्रधान-उपप्रधान के इगो क्लेश के चलते नहीं हो सकी बजट बैठक, दो गुटों में बंटे पार्षद

- अधिकारी करते रहे इंतजार, नहीं आया कोई भी पार्षद

*नप अधिकारियों की माने तो जब तक बजट पास नहीं होता तब तक कोई नया काम भी नहीं हो सकता। मंगलवार को दूसरी बार बैठक हुई। पार्षदों का आरोप है कि शहर में काम सही तरीके से नहीं किए जा रहे है। भेदभाव हो रहा है।*





फतेहाबाद। बजट बैठक को लेकर पार्षदों का इंतजार करते अधिकारी व बजट बैठक से पूर्व उपप्रधान ऑफिस में रणनीति बनाते पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

खास खबर

आखिरकार नगरपरिषद की वार्षिक बजट बैठक भी पार्षदों व अधिकारियों के बीच चल रही खींचतान की भेंट चढ़ गई। मंगलवार को बुलाई गई बजट बैठक में अधिकारी करीब पौने घंटे तक प्रधान, उपप्रधान और पार्षदों का इंतजार करते रहे लेकिन बैठक में भाग लेने के लिए कोई भी पार्षद नहीं पहुंचा। ऐसे में अधिकारियों ने फाइलों में औपचारिकता पूरी करके बैठक को रद करने की घोषणा की। वैसे बता दें कि बैठक 3 बजे बुलाई गई थी। उपप्रधान और उसके खेमे के पार्षद उपप्रधान सविता टुटेजा के ऑफिस में 2 बजे ही पहुंच गए थे और बैठक के बहिष्कार के फैसले पर ही चर्चा करते रहे। दूसरी ओर प्रधान अपने समर्थक पार्षदों के साथ डीएमसी के समस्या लेकर जा पहुंचे। हाल देखिए, बजट बैठक जिसमें कि अधिकारी पूरी तैयारी करके आए थे और पार्षदों और अधिकारियों का इगो क्लेश फिर आड़े आया और बैठक नहीं हो सकी। इसे शहरवासियों की बदकिस्मती कहें या पार्षदों की मनमानी, नगरपरिषद के पास 70 करोड़ रुपये पड़े हैं और वार्डवासी पानी निकासी जैसी समस्या को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बजट बैठक में नियम के अनुसार 14 पार्षदों का होना जरूरी थी, लेकिन प्रधान राजेन्द्र खिंची इन पार्षदों को एकजुट नहीं कर पाए। बैठक से पहले वाइस चेयरपर्सन सविता टुटेजा के आफिस में पार्षदों ने बैठक की। यहां पर पार्षदों ने पहले ही ऐलान कर दिया था कि वह इस बैठक का बहिष्कार करेंगे। यही देखने को मिला। नप अधिकारियों की माने तो जब तक बजट पास नहीं होता तब तक कोई नया काम भी नहीं हो सकता। मंगलवार को दूसरी बार बैठक हुई। पार्षदों का आरोप है कि शहर में काम सही तरीके से नहीं किए जा रहे है। भेदभाव हो रहा है।

नप ने थर्ड पार्टी को काम दे रखा है वो सही से काम नहीं कर रही है। इस कारण उनके वार्डों के टेंडर भी नहीं लगें। यहीं कारण है कि बजट बैठक का बहिष्कार कर चुके है। दरअसल अब पार्षद दो धड़ों में बंटे हुए है। एक धड़ा वाइस चेयरपर्सन सविता टूटेजा व दूसरा नप चेयरमैन राजेंद्र खिची के साथ है। यहीं कारण है कि पिछले दो सालों से शहर में विकास कार्य भी नहीं हो पा रहा है। पार्षदों ने भी इस पर तीव्र प्रतिक्रिया प्रकट की है। पार्षद मोहन लाल नारंग का कहना है कि अढ़ाई साल से किसी भी पार्षद के काम नहीं हो रहे। अब बजट बैठक बुलाई गई तो किसी पार्षद को एजेण्डा तक नहीं भेजा गया। ऐसे में वह कैसे बैठक में भाग ले सकते हैं। उनको हाऊस में होने वाली चर्चा का ही पता नहीं। इसी तरह पार्षद रवि मेहता ने कहा कि जब पिछले काम ही नहीं हुए तो अगली बजट बैठक का कोई औचित्य नहीं है। इसी तरह अनेक पार्षदों ने काम न होने की बात कहकर बताया कि उन्होंने 4 दिन पूर्व ही बैठक के बहिष्कार का ऐलान कर दिया था। दरअसल बैठक को लेकर प्रधान राजेन्द्र खिंची, उपप्रधान सविता टुटेजा व अधिकारी कोई भी दिलचस्पी नहीं ले रहा था। हर कोई अपनी औपचारिकता में था। इससे पूर्व बैठक न होने पर सभी पार्षद व प्रधान पूर्व विधायक दुड़ाराम को कोसते रहे। अब शहरवासियों का सवाल यह है कि अब तो पूर्व विधायक का हस्तक्षेप नहीं है तो फिर शहर में विकास कार्य क्यों नहीं हो पा रहे।



फतेहाबाद। प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

## एसपी से की जांच की मांग

# रतिया ब्लॉक समिति चयरमेन केवल कृष्ण के पक्ष में उतरा पंजाबी समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पंजाबी समाज, ने की जांच की मांग

दुष्कर्म के आरोपों में घिरे रतिया ब्लॉक समिति के चेयरमैन केवल कृष्ण मेहता के पक्ष में पंजाबी समाज खुलकर आगे आया है। इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर रतिया पंजाबी सभा के अनेक लोग मंगलवार को एसपी से मिलने फतेहाबाद पहुंचे। इन लोगों ने एसपी को मांग पत्र सौंपकर मांग की है कि केवल कृष्ण मेहता पर जो दुष्कर्म के आरोप लगे हैं, उस मामले में पुलिस निष्पक्ष जांच करें। पंजाबी समाज द्वारा केवल कृष्ण मेहता पर लगे आरोपों को राजनीतिक साजिश भी करार दिया गया है।पत्रकारों से बातचीत करते हुए रतिया पंजाबी सभा के प्रधान सतीश हांडा और सचिव कृष्ण ने बताया कि रतिया ब्लॉक समिति के चेयरमैन केवल कृष्ण मेहता को राजनीति का शिकार बनाया जा रहा है और उन पर लगे दुष्कर्म के आरोप झूठे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाबी समाज के द्वारा इस मामले में केवल कृष्ण मेहता से बात की गई है, केवल कृष्ण मेहता ने पंजाबी समाज को यह है भरोसा दिलाया है कि उन पर लगे आरोप झूठे हैं और जिस महिला ने आरोप लगाए हैं वह उसे जानता तक नहीं। इसलिए आज पंजाबी समाज पंजाबी सभा रतिया के कई वरिष्ठ लोगों को साथ लेकर फतेहाबाद की एसपी आस्था मोदी से मिले है और इस मामले में निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। इस पर आस्था मोदी ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि पुलिस निष्पक्ष जांच करेगी और दूध का दूध और पानी का पानी किया जाएगा। पंजाबी समाज ने यह भी चेतावनी दी कि अगर पुलिस केवल कृष्ण मेहता के साथ ज्यादती करती है, तो वह मुख्यमंत्री के समक्ष भी इस मुद्दे को उठाएंगे और मुख्यमंत्री से भी मिलेंगे। बता दें कि सिरसा में रतिया ब्लॉक समिति के चेयरमैन केवल कृष्ण मेहता के खिलाफ दुष्कर्म का मामला बीते दिनों दर्ज हुआ है। इसके बाद जीरो एफआईआर फतेहाबाद सदर थाने में ट्रांसफर कर दी गई है।

# पानी निकासी न होने पर लोगों ने जन स्वास्थ्य विभाग के गेट पर किया प्रदर्शन

- स्वामी नगर में टैंकरों से होगी पानी की निकासी : खिंची

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद



फतेहाबाद। नगरपरिषद प्रधान के सामने अपनी समस्या रखते स्वामी नगर के लोग।

शहर के स्वामी नगर में पानी निकासी न होने पर लोगों ने जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय के गेट पर धरना लगा दिया करीब 2 घंटे से लोग गेट के आगे धरना लगा कर बैठे हैं और रास्ता बंद कर रखा है। गुस्साए लोगों का कहना है कि पिछले 4 साल से स्वामी नगर में पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके चलते उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सूचना मिलने पर जेई बलविंदर सिंह मौके पर पहुंचे और समझाने का प्रयास किया, लेकिन नही माने और धरना जारी रखा। बाद में पानी निकासी की व्यवस्था न होने पर गुस्साए कॉलोनी निवासी नगर परिषद प्रधान राजेंद्र सिंह खिंची ने मिले और समस्या रखी। प्रधान ने अधिकारियों को तुरंत इस समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। प्रधान ने कहा कि शहर की आउटर कॉलोनी में सभी गलियों का निर्माण होगा। इसको लेकर मंजूरी मिल चुकी है। प्रधान ने ईओ राजेंद्र सोनी को निर्देश दिए कि जब तक सीवरेज लाइन नहीं बिछती है, तब तक रोजाना टैंकर भेजकर पानी निकासी करवाई जाए। इस दौरान कई नगर पार्षद भी मौजूद रहे।

## 90 प्रतिशत सीएमआर चावल डिलीवरी कर जिला प्रदेश में प्रथम

# 5 दिन में 100 प्रतिशत चावलों की डिलीवरी का लक्ष्य पूरा करेंगे राइस मिलर : जिंदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

भारतीय खाद्य निगम को सीएमआर के तौर पर चावल डिलीवरी करने में फतेहाबाद के राइस मिलर्स प्रदेश में पहले स्थान पर है। 10 मार्च तक फतेहाबाद के राइस मिलर 90.11 प्रतिशत चावलों की डिलीवरी एफसीआई को कर चुके हैं। राइस मिलर्स एसोसिएशन के जिला प्रधान व मिलिंग कमेटी के सदस्य सुरेश जिंदल ने कहा कि हरियाणा सरकार के साथ किए गए एग्रीमेंट के अनुसार हरियाणा के राइस मिलर्स ने 15 मार्च तक वर्ष 2024-25 का सीएमआर चावल 100 प्रतिशत भारतीय खाद्य निगम को डिलीवर करना है। जिला फतेहाबाद के राइस मिलर्स दिन-रात मेहनत करके इस लक्ष्य को अवश्य पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि 10 मार्च तक 90.11 प्रतिशत चावल की डिलीवरी करके जिला फतेहाबाद हरियाणा में प्रथम स्थान पर है व 81. 22 प्रतिशत की डिलीवरी करके जिला सिरसा द्वितीय स्थान पर है। जिला फतेहाबाद के हरियाणा में प्रथम स्थान पर आने के लिए इसका श्रेय उपायुक्त फतेहाबाद व मिलिंग कमेटी कि अध्यक्ष मनदीप कौर तथा डीएफएससी विनीत जैन को देते हुए सुरेश जिंदल ने बताया कि जिला फतेहाबाद के राइस मिलर्स को जब-जब भी कोई समस्या आई, उपायुक्त फतेहाबाद ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उस समस्या का समाधान करवाया। इस कारण जिला फतेहाबाद के राइस मिलर्स 10 मार्च तक 90.11 प्रतिशत चावल की डिलीवरी भारतीय खाद्य निगम को कर पाए।

### राइस मिलर्स को नहीं ओने दी जाएगी कमी



जिला प्रधान ने बताया कि आज भारतीय खाद्य निगम के जिला प्रबंधक सौरभ जैन से फोन पर हुई बात पर जिला प्रबंधक ने विश्वास दिलाया है कि राइस मिलर्स को न तो स्पेस की कमी आने दी जाएगी और न ही स्टाफ की कमी आनी दी जाएगी। जिला प्रधान ने बताया कि सरकार किसानों से ए ग्रेड परमल धान की खरीद एमएसपी पर करती है। उस धान की मिलिंग करके राइस मिलर ने एक क्विंटल धान की एवज में 67 किलो चावल भारतीय खाद्य निगम को डिलीवर करना होता है।

# जिला परिषद की अध्यक्ष सुमन खिचड़ के खिलाफ आधा दर्जन पार्षद एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप

जिला परिषद की अध्यक्ष सुमन खिचड़ के खिलाफ कई जिला पार्षदों ने आवाज बुलंद कर दी है। अध्यक्ष पर विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाते हुए आधा दर्जन पार्षदों ने अपना रोष जाहिर किया। इन पार्षदों का कहना है कि जिला परिषद अध्यक्ष उनके वार्डों में समान रूप से काम नहीं करवा रही और काम में भेदभाव किया जा रहा है। अपने चहेतो का काम करवाया जा रहा है, जबकि कुछ पार्षदों को नजर अंदाज किया जा रहा है। इसको लेकर पार्षदों के द्वारा आज जिला परिषद के एक अधिकारी को मांग पत्र भी सौंपा, जिसमें लिखा गया है कि समान रूप से काम करवाया जाए ताकि गांव का सही रूप से विकास हो सके। इस बारे पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला परिषद वार्ड नंबर 13 के पार्षद प्रतिनिधि जसमेर सिवाच ने बताया कि जिप अध्यक्ष सुमन खिचड़ काम में भेदभाव बरत रही है।

### चुनावी रंजिश के चलते हो रहा भेदभाव

*जसमेर सिंह ने खुद को बीजेपी समर्थित पार्षद बताया और आरोप लगाया कि चुनावी रंजिश के चलते उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है, जब उनके द्वारा पिछले दिनों किए गए विकास कार्यों का लेखा-जोखा मांगा जाता है तो वह पार्षदों को उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है। उन्होंने सरकार के सबका साथ सबका विकास नारे को लेकर भी अध्यक्ष पर कटाक्ष किया और कहा कि वह इस नारे के विपरीत काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज 6 पार्षद यहां पहुंचे हैं और चेयरपर्सन की कार्य प्रणाली को लेकर रोष जाहिर कर रहे हैं। दो पार्षद किसी कारणवश यहां नहीं पहुंच सके।*

## 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन

# अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 12 मार्च से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला फतेहाबाद, सिरसा, जींद और हिसार के युवा कर सकते हैं आवेदन

अग्निपथ योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 12 मार्च से शुरु हो गई है और आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल होगी। सेना भर्ती कार्यालय, हिसार के भर्ती निर्देशक ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्रति आवेदक परीक्षा शुल्क 250 रुपये का भुगतान करना होगा। इच्छुक उम्मीदवार उनके योग्यता के अनुसार अग्निवीर की दो श्रेणी के लिए आवेदन करने का विकल्प इस वर्ष दिया गया है, अग्निवीर श्रेणी में प्राथमिकता विकल्प है जिसको उम्मीदवार ने आवेदन करते समय चुनाव करना है। भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए अग्निवीरों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। प्रथम चरण में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा (ऑनलाइन सीईई) व द्वितीय चरण में भर्ती रैली होगी। भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीदवार के लिए अपना नाम वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ज्वाइनइंडियनआर्मी डॉट एनआइसी डॉट आइएन पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल के उपरांत बंद कर दी जाएगी।

### भर्ती के लिए जरूरी शर्तें

*उन्होंने बताया कि जिला फतेहाबाद, सिरसा, जींद और हिसार के जिन युवाओं का जन्म 1 अक्टूबर, 2004 से 1 अप्रैल, 2008 के बीच हुआ है और उन्होंने 10वीं या 12वीं की कक्षा उत्तीर्ण की है और उम्मीदवार जो कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उपस्थित हुए हैं और परिणामों की घोषणा की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वे भी आवेदन करने के पात्र हैं, बशर्ते वे अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हों। अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क व स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेडमैन 10वीं पास व अग्निवीर ट्रेडमैन आठवीं पास के पद के लिए है। जिन उम्मीदवारों ने न्यूनतम शैक्षणिक व आयु सीमा की योग्यता पूरी कर रखी है वे इस योजना के तहत अपने आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं।*

# दो माह के दौरान करोड़ों के मादक पदार्थ बरामद

**सिरसा।** जिला पुलिस द्वारा संपति विरुद अपराधियों, मादक पदार्थ तस्करों, अवैध असला धारकों व विभिन्न मामलों मे वांछित भगौड़ों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वर्ष 2025 में अब तक की दो माह की अवधि के दौरान मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 65 अभियोग दर्जकर गिरफ्तार किए गए 94 लोगों के कब्जे से 276 किलो 541 ग्राम डोडा व चूरापोस्त जबकि 1429 ग्राम 168 मिलीग्राम हैरोइन, 1770 नशीली प्रतिबंधित गोलियां व 2 किलो 220 ग्राम अफीम बरामद की गई है।

# बाजारों में पीली पट्टी लगाने और अस्थाई बस स्टैंड को बंद करने की मांग

**रतिया।** सिटी वेलफेयर क्लब रतिया के अध्यक्ष अशोक चोपड़ा एडवोकेट ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर रतिया शहर में लगने वाले जाम एवं सडक़ो व गलियों में किये गए अवैध कब्जो से निजात दिलाने की मांग की है। प्रशासनिक अधिकारियों को लिखे गए पत्र में उन्होंने सुझाव दिया है कि रतिया कि सभी बाजारों, मुख्य बाजार एवं विशेषकर भगत सिंह चौक से लेकर संजय गांधी चौक तक दोनों तरफ पीली पट्टी लगाई जाए, ताकि वाहन अपनी निर्धारित जगहों पर खड़े हो एवं आवाजाही में दिक्कत ना हो। हरियाणा रोडवेज के जिला प्रबन्धक एवं उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में क्लब अध्यक्ष चोपड़ा ने भगत सिंह चौक एवं संजय गाँधी चौक पर बने अस्थायी बस अड्डे तुरंत बंद करने की मांग करते हुए पूर्व की भांति बसें एवं भारी वाहन बाई-पास से चलाने की मांग की है। बता दें कि बस चालक इस जगह पर सवारियां चढ़ाने कि लिए बसें खड़ी कर देते है जिससे पूरी सडक़ पर जाम की स्थिति बन जाती है। इस कारण कई बार दुर्घटनाएंीाी हो चुकी है। क्लब अध्यक्ष ने उपमंडलाधीश एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सुझाव दिया है कि अगर भगत सिंह चौक से संजय गांधी चौक के डिवाइडर को खत्म कर दिया जाए तो यहां लगने वाले लम्बे जामों से लोगो को राहत मिल सकती है।

**चुनाव** | जिला प्रशासन ने मतगणना को लेकर की तैयारियां, सीडीएलयू में होगी मतगणना

# निकाय चुनाव: आज खुलेगा प्रत्याशियों के भाग्य का पिटारा

## 5 घंटों में पूरी होगी मतगणना, चेयरमैन पद के लिए 7 उम्मीदवार मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा





जिला प्रशासन द्वारा बीती 2 मार्च को हुए निकाय चुनाव की मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई है। बुधवार को मतपत्रों की गणना की जाएगी। इस बार नगर परिषद में पहली बार चेयरमैन पद का चुनाव सीधे मतदाताओं द्वारा किया जाएगा। मतगणना चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी के मल्टीपर्पज हॉल में सुबह 8 बजे शुरू होगी। पहले दो घंटे में 14 वार्डों के पार्षदों के परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। अगले दो घंटे में 14 और वार्डों के परिणाम आएंगे। करीब 5 घंटे में पूरी काउंटिंग हो जाएगी। हालांकि, इस बार महज 54.6 प्रतिशत मतदान हुआ है। शहर में 1 लाख 60 हजार 36 वोटर्स में से 90 हजार 240 ने ही वोट डाले थे। कम मतदान से किसके समीकरण बिगड़ेंगे और किसको फायदा होगा, उसका खुलासा कल हो जाएगा।

**14 टेबलों पर होगी मतगणना:** काउंटिंग के दौरान पार्षद पद के लिए 14 टेबल लगाई जाएंगी। प्रत्येक टेबल पर एक वार्ड के एक-एक बूथ की ईवीएम मशीन के वोटों की गणना की जाएगी। दूसरे राउंड में एक से 14 वार्डों के दूसरे बूथ की गणना होगी। पार्षद पद के लिए कुल 16 राउंड में काउंटिंग का कार्य पूरा किया जाएगा। मतगणना के 6 राउंड के बाद पार्षद पद के 14 वार्ड का रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा। इसके बाद 11वें राउंड तक 28 वार्ड तक की मतगणना पूरी हो जाएगी। वार्ड नंबर 29, 30, 31 और 32 वार्ड की मतगणना 16वें राउंड तक पूरी होगी।

**11 राउंड बाद आएंगे चेयरमैन पद के नतीजे:** रिटर्निंग अधिकारी राजेंद्र कुमार के अनुसार चेयरमैन पद के लिए 11वें राउंड तक सभी 143 बूथ की मतगणना का कार्य पूरा हो जाएगा। यानी चेयरमैन पद के लिए दोपहर 12 से साढे 12 बजे के बीच काउंटिंग पूरी हो जाएगी। 11 राउंड पूरे होते ही शहर को पहली बार प्रत्यक्ष रूप से चुना हुआ नगर परिषद चेयरमैन मिल जाएगा। गौरतलब है कि चेयरमैन पद के लिए 7 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें भाजपा से वीर शांति स्वरूप, कांग्रेस से जसविंदर कौर, इनेलो से ओमप्रकाश, आम आदमी पार्टी से कविता नागर, जेजेपी से प्रवीण तुर्किया उर्फ लक्की चौधरी और दो निर्दलीय राजेंद्र कुमार व अशोक चिंडालिया शामिल हैं।

### 32 वार्डों में 122 पार्षद प्रत्याशी

नगर परिषद के 32 वार्डों में 122 पार्षद प्रत्याशी मैदान में हैं। इन 122 में से किन 32 के सिर पर पार्षद का ताज सजेगा, यह बुधवार को दोपहर 1 बजे तक क्लियर हो जाएगा। विशेष बात यह है कि सिर्फ बीजेपी ने ही पार्षद प्रत्याशी अपने चुनाव निशान पर उतारे थे। बाकी 190 प्रत्याशी निर्दलीय मैदान में उतरे हुए थे। हालांकि, इनमें 31 पार्षद प्रत्याशी ऐसे भी हैं, जिनको कांग्रेस विधायक गोकुल सेतिया ने अपना समर्थन दिया था।



## प्यार और रोमांस के बीच चीखें निकाल देगा 'तू या मैं' का टीजर

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार शनाया कपूर की आगामी फिल्म 'तू या मैं' का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। इस फिल्म में शनाया कपूर के साथ 'द व्हाइट टाइगर' स्टार आदर्श गौरव नजर आएंगे। यह सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म साल 2026 में वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म के टीजर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए शनाया ने लिखा, 'प्यार, आतंक और ये साथ बहुत-बहुत गलत हो गया। 'तू या मैं' के लिए कौन ज्यादा उत्साहित है?' बेजॉय नांबियार द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर डरावने माहौल वाले बैकवॉटर में सामने आता है, जहां एक लड़का-लड़की पानी में उतरते तो रोमांस के लिए हैं, लेकिन अचानक से पूरी कहानी बदल जाती है, सारे जज्बात बदल जाते हैं।


लाइफ Style

# अदा
## नेचर के करीब रहना ज्यादा पसंद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अदा शर्मा काफी वर्सटाइल एक्ट्रेस है। वह अब तक अलग-अलग जॉनर की फिल्में कर चुकी हैं। खासकर 'द केरल स्टोरी'में उनके अभिनय को खूब सराहा गया। इसी फिल्म के दौरान उनका एक्टिंग, डिजाइनर कपड़ों को लेकर नजरिया भी बदला।

अदा शर्मा को पिछले कुछ सालों में सोशल मीडिया से लेकर फिल्म इवेंट्स तक में बहुत ग्लैमरस अंदाज में नहीं देखा गया है।हाल ही में अदा शर्मा ने बताया कि उन्हें अहसास हो चुका है कि डिजाइनर ड्रेस पहनकर कोई स्टार नहीं बनता है। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड को दिए गए एक इंटरव्यू में अदा शर्मा बताती हैं कि जब वह फिल्म 'केरल स्टोरी'का प्रमोशन कर रही थी तो अपनी मम्मी की साड़ी पहनकर, इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करती है। क्योंकि कहानी काफी सीरियस थी। फिल्म भी हिट हुई। तब अदा शर्मा को अहसास हुआ कि डिजाइनर कपड़े पहनकर कोई सफल नहीं होता है। तभी उनका नजरिया बदला कि सिर्फ अच्छी एक्टिंग करना ही जरूरी है। आगे अदा शर्मा कहती हैं, ' बहुत सारी ड्रेस, जूतों को मेंटेन करना भी मुश्किल काम है। इसके लिए घर को बंद भी रखना है जिससे धूल-मिट्टा ना आए। लेकिन, मुझे नेचर पसंद है, चिड़िया, कबूतर देखना अच्छा लगता है, इसलिए खिड़की खुली रखती हूं। यही कारण है कि मेरा ड्रेसेस से ज्यादा इंट्रेस्ट नेचर के साथ रहने में है।' जल्द ही अदा शर्मा एक फिल्म 'तुमको मेरी कसम'में भी नजर आएंगी।



हॉलीवुड मसाला





## रोमांचक कहानी पर आधारित

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। बोंग जून-हो द्वारा निर्देशित 'मिकी 17' फिल्म साइंस-फिक्शन एक बेहद दिलचस्प और रोमांचक कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में रॉबर्ट पैटिनसन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



## ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। ब्लैक बैग एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें एक्शन और सस्पेंस का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ब्लैक बैग एक अमेरिकी जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन स्टीवन सोडरबर्ग ने किया है। वहीं डेविड कोएप ने इस फिल्म को लिखा है। इस फिल्म में केट ब्लैंचेट, माइकल फैसबेंडर, मारिसा अबेला, टॉम बर्क, नाओमी हैरिस, रेगे-जीन पेज और पियर्स ब्रॉसनन ने मुख्य भूमिका निभाई है।



## तीन रात जागकर शूट किया था गाना

**मुंबई।** फिल्म 'रूही' में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव लीड रोल में नजर आए। इस फिल्म में जान्हवी 'नदियों पार' गाने पर परफॉर्म करती दिखीं, जो काफी हिट हुआ है। मंगलवार 11 मार्च को इस फिल्म की रिलीज को चार साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर जान्हवी ने गाने की शूटिंग का अनुभव शेयर किया है। उन्होंने बताया कि तीन रातें जागकर उन्होंने गाना शूट किया। जान्हवी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'नदियों पार' सॉन्ग से अपनी फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, 'फिल्म 'रूही' के चार साल। मेरा पहला सोलो डांस नंबर। मैं सचमुच में किसी बच्चे की तरह थी। इस गाने को लेकर काफी घबराहट हो रही थी। मुझे यह तक नहीं मालूम था कि तेज लाइट्स में अपनी आंखों को बंद किया बैना किस तरह खुला रखना है'?



## परदे पर साथ नजर आएंगे आमिर-रणबीर

**मुंबई।** आमिर खान और रणबीर कपूर एक साथ परदे पर नजर आने वाले हैं। ऐसा कहना है खुद आलिया भट्ट का। आलिया ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें आमिर और रणबीर नजर आ रहे हैं। यह जानकर दर्शक काफी उत्साहित हैं और प्रोजेक्ट से जुड़ी डिलेट का इंतजार कर रहे हैं। आलिया एक पोस्टर हाथ में लिए नजर आ रही हैं और कह रही हैं, 'मैं आप सभी को यह दिखाने का इंतजार कर रही थी। मेरे दो फेवरेट एक्टर साथ में दिखेंगे। एक-दूसरे के आमने-सामने'। इसके बाद आलिया ने पोस्टर दिखाया, जिसमें आमिर और रणबीर कपूर नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ आलिया ने कैप्शन लिखा है, 'सर्वश्रेष्ठ की लड़ाई! मेरे दो पसंदीदा अभिनेता एक-दूसरे के खिलाफ। कुछ बेहद रोमांचक जानकारी के लिए साथ बने रहिए।

टीवी मसाला


## बहन से गठबंधन नहीं कराएगा प्रेम जूता चुराई की रस्म में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल का मंगलवार का एपिसोड राही और प्रेम की शादी को मुकम्मल करेगा। वसुंधरा कोठारी और पराग कोठारी की नाराजगी और गौतम की चालबाजियों के बीच रीति-रिवाजों का सिलसिला आगे बढ़ेगा और पंडित जी जोड़े की शादी करवाएंगे। हर बढ़ती रस्म और रिवाज के बीच अनुपमा, मोटी बा, लीला बा और बाकी लोग उन रस्मों का महत्व समझाते जाएंगे। फिर बारी आएगी गठबंधन की। पंडित जी प्रार्थना से आकर गठबंधन करने को कहेंगे, लेकिन प्रेम अपनी बहन से बहुत नाराज होगा। प्रेम अपनी बहन प्रार्थना से गठबंधन कराने से साफ इनकार कर देगा। वह परी से कहेगा कि तुम भी मेरी बहन जैसी ही हो, तुम यह गठबंधन करोगी। तब वसुंधरा कोठारी कहेगी कि जब तुम्हारी बहन यहां पर है तो वह यह रस्म करेगी, कोई और यह क्यों करेगा? तब प्रेम अपने परिवार को करारा जवाब देगा और कहेगा कि प्रार्थना मेरी बहन है जरूर, लेकिन ऐसा लगता है कि वो यह भूल गई है। अब उसके लिए सिर्फ एक ही रिश्ता जरूरी रह गया है तो बेहतर है कि वह उसी रिश्ते को निभाए। बात बिगड़ती देख अनुपमा दखल लेगी। अनुपमा तब प्रेम को समझाएगी कि जिसकी रस्म है वही करेगा। प्रार्थना डरी हुई होगी लेकिन फिर अपने पति गौतम के कहने पर मंडप की तरफ बढ़ेगी। प्रार्थना अपने भाई और भाभी का गठबंधन करते हुए मन ही मन कहेगी कि तुम दोनों की जोड़ी हमेशा ऐसे ही बनी रहे। वो दोनों को आशीर्वाद देगी और फिर लौट आएगी। जूता चुराई की रस्म फीकी रहेगी और ईशानी-परी बिना तंग किए सीधे ही प्रेम को जूते लौटा देंगे। वह कहेंगे कि हमें आपसे पैसे नहीं बस यह वादा चाहिए कि आप हमारी बहन को हमेशा खुश रखेंगे। लेकिन वसुंधरा कोठारी उन्हें नोटों की गड्डी देकर कहेगी कि यह तुम्हारा हक है।



## देवोलीना ने क्या बदल लिया है धर्म?

**नई दिल्ली।** देवोलीना भट्टाचार्जी ने शाहनवाज शेख से शादी की और दोनों का बेटा भी है। देवोलीना और शहनवाज की शादी पर कई सवाल भी खड़े हुए, लेकिन दोनों ने कभी उस नफरत को अपने रिश्ते में नहीं आने दिया। दोनों के अलग-अलग धर्म को लेकर भी उन्हें नेगेटिविटी का सामना करना पड़ा था। अब देवोलीना ने अपने व्लॉग्स के जरिए ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है जो उनके रोजा सेलिब्रेट करने पर सवाल खड़ा कर रहे थे। देवोलीना ने कहा, 'हमारे फेस्टिवल्स को लेकर कई लोग कमेंट कर रहे हैं तो मैं बताना चाहूंगी कि ये लाइफ मेरी और शाहनवाज की है और मुझे इसमें किसी की दखलअंदाजी नहीं चाहिए। दुख की बात यह है कि ज्यादातर औरतें बोलती हैं जो मेरे बच्चे या मुझपर कमेंट करती हैं। लेकिन, आपको खुद के अंदर देखना होगा तभी आप दूसरों को अच्छे से देखेंगे।' मेरे पति मेरे साथ मेरे सारे फेस्टिवल मनाते हैं, इसलिए मैं उनके साथ उनके फेस्टिवल खुशी-खुशी मनाती हूं। जो हमारे फेस्टिवल नहीं भी होते उन्हें भी हम मनाते हैं खुश होकर। देखिए धर्म, जात-पात को लेकर काफी नफरत है, लेकिन हमारे घर में ऐसा कुछ नहीं है।



## भाई की फिल्म ने तोड़ी धर्मेंद्र की इमेज
### एक गाने में डांस देख हेमामालिनी भी हुई थीं लट्टू

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड के 'ही मैन' धर्मेंद्र ने साल 1960 में फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पहली फिल्म से उन्हें पहचान नहीं मिल पाई थी। लेकिन, साल 1975 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था कि उनकी पूरी इमेज ही बदल गई थी।*

***'गरम धरम' की मिली इमेज :*** *यूं तो धर्मेंद्र को अपनी पहली फिल्म के बाद असल पहचान फिल्म 'फूल और पत्थर' से मिल गई थी। ये धर्मेंद्र के कॅरियर की पहली हिट फिल्म थी। लेकिन, इसके बाद भी उन्हें इडंस्ट्री में वो मुकाम नहीं मिला था। फिर साल 1975 में एक ऐसी फिल्म आई जिसने धर्मेंद्र के कॅरियर को पूरी तरह बदल दिया था। इस फिल्म के प्रोड्यूसर उनके भाई थे और फिल्म की कहानी भी उन्हीं की थी। इस फिल्म से उन्हें 'गरम धरम' की इमेज मिली थी।*

***हिट की गारंटी बन गए थे धर्मेंद्र :*** *छैल छबीले धर्मेंद्र की माचो मैन वाली छवि देने वाली उस फिल्म का नाम है प्रतिज्ञा। इस फिल्म के एक गाने 'मैं जट यमला पगला दीवाना'में धर्मेंद्र ने ऐसा डांस किया था कि खुद हेमा मालिनी भी उन पर लट्टू हो गई थीं। भाई की बनी इस फिल्म में धर्मेंद्र ने ऐसा जबरदस्त रोल निभाया था कि लोग उनके दीवाने हो गए थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े कमाई के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इसी से मिली गरम-धरम की इमेज मिली। इसके बाद धर्मेंद्र हिट की गारंटी बन गए थे।*



***टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है 'प्रतिज्ञा' :*** *फिल्म 'प्रतिज्ञा' धर्मेंद्र के निजी जीवन और कॅरियर दोनों का टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है। पहला टर्निंग प्वाइंट तो यही के तमाम बातों, मुलाकातों और आठ फिल्मों तुम हसीं मैं जवां, शराफत, नया जमाना , सीता और गीता, राजा जानी, जुगनू, दोस्त व पत्थर और पायल में साथ काम करने के बाद हेमा मालिनी और धर्मेंद्र ने इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान पहली बार एक-दूसरे के दिल की बात जानी थी।*

***मैं जट यमला पगला दीवाना :*** *धर्मेंद्र के भोलेपन पर हेमा मालिनी 'मैं जट यमला पगला दीवाना' की शूटिंग वाले दिन ही फिदा हो गई थीं और गाने की शूटिंग पूरे करने के बाद हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के सामने पहली बार उनकी मोहब्बत को एक्सेप्ट किया था। बता दें कि इस फिल्म के करीब पांच साल बाद दोनों ने शादी रचा ली थी। धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी इसके बाद 21 फिल्मों में और बन। फिल्म का दूसरे टर्निंग प्वाइंट में धर्मेंद्र का निजी और व्यावसायिक जीवन दोनों शामिल है।*

## 'छावा' बनीं 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ब्लॉकबस्टर



***मुंबई।*** *विक्की कौशल की हिस्टोरिक फिल्म 'छावा' आए दिन एक नया माइल्स टोन सेट करती जा रही है। यह साल की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बनी है। इसने 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया। यह भारत की 10वीं ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है। विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना स्टारर 'छावा' अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में अपनी जगह बना ली है। फिल्म ने अब सनी देओल की 'गदर 2' को पछाड़कर ऑल टाइम इंडियन बॉक्स ऑफिस चार्ट पर 10वां स्थान हासिल कर लिया है। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, छावा ने भारत में 526.05 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है, जो 'गदर 2' के कलेक्शन से भी ज्यादा है। 'गदर 2' ने कुल 525.7 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसमें छावा का तेलुगू वर्जन का कलेक्शन भी शामिल है। 'छावा' साल की पहली हिंदी रिलीज में से एक है जिसका तेलुगु वर्जन भी है। शाहरुख खान की जवान इस मामले में टॉप पर है।*

### 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज रह गईं गुमनाम

# बॉलीवुड के इस एक्टर के प्यार में दीवानी थीं ये 5 एक्ट्रेसेज

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड के ट्रैजेडी किंग दिलीप कुमार का चार्म ऐसा था कि जो भी उनके करीब आया, वही उनका दीवाना हो गया। 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज गुमनाम रह गईं, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में उनके चर्चे हमेशा जिंदा रहे। उनकी जिंदगी में पांच बड़ी एक्ट्रेसेज आईं, जिनमें से चार प्रेम कहानी अधूरी रह गई। एक ही एक्ट्रेस को उनका प्यार मिला।*

### कमिनी कौशल : परिवार के विरोध में टूटा रिश्ता

बहुत कम लोग जानते हैं कि गुजरे जमाने की एक्ट्रेस कमिनी कौशल कभी दिलीप कुमार की दीवानी थीं। हालांकि, उनके भाई ने इस रिश्ते को कभी स्वीकार नहीं किया। उनके भाई और परिवार के चलते दोनों को अलग होना पड़ा। लंदन के एक इवेंट में जब उनसे इस अफेयर पर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे टाल दिया।



### मधुबाला : 9 साल का लंबा अफेयर

दिलीप कुमार और मधुबाला की प्रेम कहानी बॉलीवुड की सबसे मशहूर प्रेम कहानियों में से एक है। नौ साल तक चले इस रिश्ते में सगाई तक की खबर थी। एक्ट्रेस की बहन ने दोनों की सगाई की खबर की पुष्टि की थी। लेकिन, फिल्म 'नया दौर'के विवाद के दौरान जब दिलीप कुमार ने मधुबाला का साथ नहीं दिया, तो उनका दिल टूट गया। मधुबाला चाहती थीं कि दिलीप उनके पिता से माफी मांगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उनका रिश्ता खत्म हो गया। ये इंडस्ट्री की सबसे चर्चित अधूरी लव स्टोरी बन गई।



### सायरा बानो : उम्र का फासला नहीं आया प्यार में आड़े

सायरा बानो, दिलीप कुमार से 22 साल छोटी थीं, लेकिन प्यार की कोई उम्र नहीं होती। उन्होंने 1966 में शादी कर ली और उनकी मोहब्बत आज भी मिसाल बनी हुई है। हालांकि, इस शादी में भी एक वक्त ऐसा आया जब दिलीप कुमार ने उन्हें तलाक देकर असमा रहमान से शादी कर ली। लेकिन, कुछ समय बाद उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ और वह फिर से सायरा बानो के पास लौट आए। दोनों ने की शादो 55 साल तक चली। साल 2021 में एक्टर के निधन के बाद भी सायरा अपने साहब को याद करती हैं।



### अस्मा रहमान : दिलीप की सबसे बड़ी गलती

दिलीप कुमार ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में लिखा है कि अस्मा रहमान से शादी करना उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी गलती थी। अस्मा से उनकी मुलाकात हैदराबाद में एक क्रिकेट मैच के दौरान हुई थी, जहां वह अपने पति और तीन बच्चों के साथ रहती थीं। दिलीप साहब को बाद में एहसास हुआ कि वह सिर्फ शोहरत की वजह से उनके करीब आई थीं, इसलिए उन्होंने यह रिश्ता तोड़ दिया। आसमा एक्टर की दूसरी पत्नी मानी जाती हैं।



### वैजयंतीमाला ऑनस्क्रीन रोमांस, लेकिन अधूरी मोहब्बत

दिलीप कुमार और वैजयंतीमाला की जोड़ी ने पर्दे पर धमाका किया था। फिल्म मधुमती, गंगा जमुना जैसी छह फिल्मों में साथ काम करने के बाद दोनों के अफेयर की चर्चा खूब हुई थी। लेकिन, जब असल जिंदगी की बात आई, तो वैजयंतीमाला ने किसी और से शादी कर ली और दिलीप कुमार को आगे बढ़ना पड़ा। इनके अफेयर की खबर उस समय की फिल्म मैगजीन में खूब छपे थे।

## खबर संक्षेप

### दुकान से नकदी चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** डिंग थाना पुलिस ने डिंग रोड क्षेत्र स्थित एक दुकान से 12 हजार रुपए की नकदी चोरी के दो युवकों को काबू कर लिया है। डिंग थाना प्रभारी भीम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गौरा पुत्र तरसेम सिंह निवासी बंप्पा व विनोद कुमार उर्फ बच्ची पुत्र राजू निवासी सेक्टर 19 हुडा सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि कृष्ण कुमार पुत्र राय सिंह निवासी गांव बोदीवाली ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बीती 7 मार्च को वह थोड़ी देर के लिए दुकान में सो गया था। इसी दौरान अज्ञात युवक दुकान के गल्ले से 12 हजार रुपए चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ डिंग थाना में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी।

### शिविर में 66 लोगों ने किया रक्तदान

**रानियां।** भारत विकास परिषद शाखा रानियां द्वारा अनाज मंडी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिव शक्ति ब्लड बैंक सिरसा की टीम ने 66 यूनिट रक्त एकत्र किया। इससे पूर्व अनाज मंडी एसोसिएशन रानियां व राइस मिल्स एसोसिएशन द्वारा रखे गए तीन दिवसीय साधारण पाठ का भोग डाला गया व गुरु का लंगर बरताया गया। भाविप के अध्यक्ष जोगिंदर मेहता ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से किसी को जीवनदान मिलता है। किसी को जीवन देने से बड़ा कोई दान नहीं होता है। उन्होंने कहा कि हर स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए।

### सीडीएलयू की प्रोफेसर रानी देवी सम्मानित

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के ऊर्जा एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग की प्रोफेसर एवं डीन प्रो. रानी देवी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित वूमन ऑफ सब्सटेंस नेटवर्क एवं पुरस्कार समारोह में एनवायरनमेंटल लीडरशिप अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया। विभाग के अध्यक्ष प्रो. मोहम्मद काशिफ किदवई ने बताया कि प्रो. रानी देवी को यह प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह हाइपेज, शी इंस्पायर पत्रिका द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया, जिसे आई कैन फाउंडेशनः नर्चरिंग ह्यूमैनिटी द्वारा समर्थन प्राप्त था।

### महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी स्पर्धा के लिए ट्रॉयल आज

**हिसार।** हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से 8वीं महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी की चैंपियनशिप के लिए तोशाम रोड स्थित अखिल कुमार बॉक्सिंग क्लब में ट्रॉयल लिए जाएंगे। क्लब के वाइस प्रेजिडेंट अर्जुन ठाकुर ने बताया कि आगामी 8वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए मुक्केबाजों का चयन करने के लिए एलीट महिलाओं के लिए चयन ट्रायल 12 मार्च को आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भार श्रेणियों में बदलाव के कारण ये चयन ट्रायल आयोजित करने की आवश्यकता है। अर्जुन ठाकुर ने बताया कि 12 मार्च को वजन और मेडिकल परीक्षण सुबह 6 से 7 बजे तक किया जाएगा।

## फतेहाबाद में डीसी कार्यालय पर किसानों ने किया प्रदर्शन, सीएम को भेजा मांग पत्र

# मांगें नहीं मानी तो 20 को मुख्यमंत्री आवास पर होगा रोष प्रदर्शन : संयुक्त किसान मोर्चा

- किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी
- मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद





फतेहाबाद। डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करते किसान तथा डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन के बाद एसडीएम को सीएम को नाम ज्ञापन सौंपते किसान नेता।

संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर जिला के किसानों द्वारा मंगलवार को लघु सचिवालय पर धरना दिया गया। धरने के दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने के बाद किसान मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को को ज्ञापन सौंपा। उन्होने कहा कि मांगे नहीं मानी तो 20 को मुख्यमंत्री आवास पर रोष प्रदर्शन किया जाएगा।

आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता बीकेयू उग्राहां के जिला प्रधान निर्भय सिंह, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला उप प्रधान रामसरूप ढाणी गोपाल, अखिल भारतीय किसान महासभा के सुखविंद्र सिंह, जम्हूरी किसान सभा राज्य संयोजक तजिंद्र सिंह थिंद व बीकेयू घासीराम के मा. जगदीश ने संयुक्त रूप से की। मुख्य मांगों का जिक्र करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 25 नवंबर 2024 को जारी की गई कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति फ्रेमवर्क हरियाणा को विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर वापस किया जाए और इसे प्रदेश में लागू न किया जाए। बिजली कानून और स्मार्ट मीटर योजना रद्द हो तथा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश अनुसार सी2 प्लस 50 प्रतिशत पर खरीद की कानूनी गारंटी दी जाए। किसान आंदोलन में किसानों पर बनाए गए सभी मुकदमे खारिज किए जाए तथा पराली के नाम पर किसानों का दर्ज केस रद्द हो। किसान नेताओं ने कहा कि रबी 2025 की गेहूं समेत अन्य फसलों पर किसानों को बोनस मिले, सूखा राहत कोष के जिन किसानों को पैसे नहीं मिले उनके पैसे जल्दी जारी किए जाएं। पिछले फसल खराबे के मुआवजे और लंबित बीमा क्लेम जारी किए जाएं। ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का मुआवजा दिया जाए, सरसों की खरीद जल्द शुरू की जाए। संयुक्त किसान मोर्चा ने किसानों मजदूरों को कर्ज मुक्त करने, बिजली के लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन जल्द जारी करने, सहकारी समिति में किसानों के नए खाते खोलने और कृषि ऋण उपलब्ध करवाने, मनरेगा का विस्तार कर दिहाड़ी बढ़ाने, आवारा पशुओं की समस्या का निवारण करने की मांग की।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त, सचिव मास्टर राजेंद्र बाटू, जिला उपप्रधान जगतार सिंह, बीकेयू उग्राहां के धर्मवीर सिधाणी, जम्हूरी किसान सभा से रमेशचंद रत्ताखेड़ा, खेत मजदूर यूनियन के राज्य उपप्रधान रामकुमार बहबलपुरिया, जसपाल सिंह खुंडन सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।



सिरसा। लघु सचिवालय में धरने पर बैठे किसान। फोटो : हरिभूमि

## सिरसा : किसानों व मजदूरों ने मांगों को लेकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर मंगलवार को जिला के विभिन्न किसान, मजदूर संगठनों ने सामूहिक रूप में जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। डॉ. सुखदेव सिंह जम्मू ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बीती 19 नवंबर 2021 को संयुक्त किसान मोर्चा के ऐतिहासिक आंदोलन के चलते जिन खेती कानूनों को वापिस लिया गया था, उन्हीं कानूनों को राज्य सरकारों से लागू करवाने के लिए केंद्र सरकार ने मंडी व्यापार प्रोग्राम फ्रेमवर्क का मसौदा तैयार करके भेजा है। पंजाब व केरला सरकार ने विधानसभा में प्रस्ताव पारित करके उसे रद्द कर दिया है, हरियाणा सरकार भी उपरोक्त मसौदे को विधानसभा में प्रस्ताव पारित करके रद्द करे।

#### 18 मांगों का पत्र सौंपा

इस मांग को मुख्य रूप से व अन्य जनहितकारी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करने के लिए उपायुक्त को 18 मांगों वाला मांगपत्र सौंपा गया। जिसमें किसान को सभी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार दिया जाए व उसकी खरीद की गारंटी का कानून बनाया जाए। किसान नेताओं पर विभिन्न आंदोलनों के चलते व वायु प्रदूषण के तहत पराली जलाने के मुकदमों को रद्द करने की मांग उठाई गई। सरकार द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड कर्ज पर ब्याज में चार प्रतिशत की छूट की राशि कर्ज खाते में जमा कराई जाए। किसानों मजदूरों को कर्ज मुक्त किया जाए। बिजली कानून में संशोधन बिल व स्मार्ट मीटर स्कीम रद्द की जाए। मनरेगा मजदूरों को प्रति वर्ष दो सौ दिन काम दिहाड़ी बढ़ी मजदूरी के साथ दिया जाए आदि मांगे शामिल है।



सिरसा। क्विज प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## विजेता छात्राओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कलां में मैगा क्विज प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी छात्राओं को मुख्यातिथि खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सिंह ढिढारिया और विद्यालय प्रभारी राजेश लाखलान ने सम्मानित किया। विद्यालय में मेगा क्विज प्रतियोगिता-2024-25 का सफल आयोजन हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्रों में ज्ञान की बढ़ोतरी के साथ-साथ आत्मविश्वास एकाग्रता बढ़ती है, जोकि परीक्षाओं की तैयारी के लिए उपयोगी सिद्ध होती है, जो कि स्वयं का एक संक्षिप्त मूल्यांकन भी है। इस प्रतियोगिता में कुल चार टीम ने भाग लिया। जिसमें प्रवक्ता गीता रानी की टीम कृष्णा हाउस विजेता रही। प्रवक्ता सोहन सिंह और सुमन की टीम संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर गंगा हाउस और नर्मदा हाउस रहे तथा तृतीय स्थान पर सिंधु हाउस रहा। विशेष बात यह रही की इन हाउस का नाम भारतवर्ष की चार पवित्र नदियों के नाम पर रखा गया, जोकि साल भर पानी बचाओ मुहिम को आगे बढ़ाती रही। इसी प्रकार साल भर विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल संचालन करने पर विद्यालय प्रवक्ता सतवीर सिंह व प्रवक्ता संदीप कुमार झोरड़, सुमन और पिंकी को सम्मानित किया गया।

## चौधरी देवीलाल विवि ने दूसरी बार जीती स्पंदन प्रतियोगिता

- विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। ओवरऑल ट्राफी के साथ सीडीएलयू की टीम। फोटो : हरिभूमि

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय की टीम का हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में आयोजित दो दिवसीय इंटर यूनिवर्सिटी स्टेट लेवल स्पंदन 2025 प्रतियोगिता में ओवर ऑल ट्रॉफी जीत कर आने पर विश्वविद्यालय में भव्य स्वागत हुआ। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सीडीएलयू का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है और इसका श्रेय यहां के विद्यार्थियों को जाता है जो विभिन्न गतिविधियों में सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते रहे है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश कुमार बंसल, शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रोफेसर सुरेश गहलावत, कुलपति के टेक्निकल एडवाइजर प्रोफेसर असीम मिगलानी सहित प्राध्यापकों व गैर शिक्षक अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी युवा कल्याण निदेशक व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

युवा कल्याण निदेशक डॉ. मंजू नेहरा ने बताया कि लगातार दूसरी बार सीडीएलयू स्पंदन कार्यक्रम में विजेता रही है। उन्होंने कहा कि 9 व 10 मार्च को आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में लाइट वोकल इंडियन सोलो, क्लासिकल इंस्ट्रमेंटल नोंन पर्कुशन, क्लासिकल इंस्ट्रमेंटल पर्कुशन, वेस्टर्न वोकल सोलो, वेस्टर्न ग्रुप सोंग, ऑर्केस्ट्रा, कॉलेज, पोस्टर मेकिंग, फोल्क डांस, ग्रुप सोंग, कार्टूनिंग, एलोकुशन, हिंदी पोयट्री, गजल, लाइट म्यूजक्री वोकल, इंडियन ग्रुप सोंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त मिमिक्री, डिबेट में दूसरा स्थान व माइम, मेहंदी, वन एक्ट प्ले, पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। ओवरआल म्युजिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



सिरसा। आगजनी में जलकर राख हुआ घरेलू सामान। फोटो : हरिभूमि

## मकान में शार्ट सर्किट से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालांवाली

शहर के शनिदेव मंदिर के पास एक मकान में अचानक आग लग गई। आग से घर का हजारों रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। फल व सब्जी की रेहड़ी लगाने वाले पीड़ित मकान मालिक राजू ने बताया कि वो तीनों भाई अपनी मां के साथ इकठ्ठे रहते है। तीनों शादीशुदा है और उनके 9 बच्चे है। उसकी पत्नी मायके गई हुई थी और भाभी बच्चों को ट्यूशन छोडऩे गई थी जबकि मां बाहर गली में बैठी थी। इतने में घर से धुंआ निकलने लगा। तब मां ने शोर मचाया तो भाई व आस-पास के लोगों ने आकर आग बुझाने का प्रयास किया। जब तक आग पर काबू पाते तब तक आग से गर्मी व सर्दी के सारे कपड़े व बिस्तर, दो पलंग, एलसीडी, सिलाई मशीन आदि जलकर राख हो गया। आग से उसका करीब 60-70 हजार रुपए का नुकसान हो गया।

आग की सूचना मिलते ही आस-पास के लोगों ने अपनी घरों में लगी ट्यूबवेल की पाइप के माध्यम से आग पर काबू पाया। गलीवासियों का कहना है कि उनकी गली तंग होने के कारण गली में फायर बिग्रेड नहीं आ सकती। इसलिए फायर बिग्रेड के आने से पहले ही गलीवासियों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाया।

## एसडीएम ने सुबह 6 बजे शहर पहुंच कर किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। कालांवाली नगरपालिका कार्यालय में व्यवस्थाएं जांचते एसडीएम।

कालांवाली के एसडीएम सुरेश रविश मंगलवार को शहर कालांवाली में बिना ड्राइवर व बिना गनमैन के खुद गाड़ी चलाकर पहुंचे और शहर कालांवाली, नगरपालिका कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुरेश रविश ने सुबह 6 बजे शहर के मुख्य बाजारों व सडक़ों पर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को जांचा। इस दौरान उन्हें शहर में कई जगह पर स्ट्रीट लाइटें बंद व खराब मिली। इसी तरह करीब 7 बजे नगरपालिका कार्यालय में पहुंचकर सफाई व्यवस्था को जांचा। नपा कार्यालय में करीब 5 सफाई कर्मचारी गैर-हाजिर मिले। जिन्हें नोटिस देकर ड्यूटी से गैर-हाजिर रहने का कारण पूछा गया है। इसी तरह सुबह करीब साढ़े 9 बजे एसडीएम ने एसडीएम कार्यालय व तहसील कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान दो-तीन कर्मचारी देरी से पहुंचे। जिन्हें भी एसडीएम ने शो-काज नोटिस देकर जवाब मांगा है। वहीं एसडीएम सुरेश रविश ने सभी सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए है कि वो अपनी ड्यूटी में जरा सी भी कोताही ना बरतें। वो समय पर अपने कार्यालय में पहुंचे और आते ही बायोमैट्रिक तरीके से अपनी हाजिरी लगाए।

## कानूनी जागरूकता शिविर 13 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

नालसा की चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विस योजना के तहत विशेष कानूनी जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देना और निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में जागरूक करना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि अभियान के तहत विभिन्न गांवों और शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किए जाने वाले इन कार्यक्रमों में लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता और टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान 13 से 28 मार्च तक सिरसा जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इसमें 13 मार्च को भाई कन्हैया आश्रम, 17 मार्च को स्लम क्षेत्र, 18 मार्च को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चट्टरगढ़ पट्टी, 19 मार्च को गांव बप्प के राजकीय विद्यालय में, 20 मार्च को राजकीय विद्यालय खैरपुर, 21 मार्च को राजकीय विद्यालय नाथूसरी चोपटा, 24 मार्च को राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा, 25 मार्च को गांव रोड़ी, 26 मार्च को सुचान कोटली, 27 मार्च को राजकीय महाविद्यालय ऐलनाबाद और 28 मार्च को राजकीय महाविद्यालय डबवाली में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे।

**योजना** पुष्टि होने के बाद ही मिलेगा योजना का लाभ : पुलिस अधीक्षक

# सड़क दुर्घटना में कैशलेस स्कीम को लेकर एसपी ने पैनल डाक्टरों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। सड़क दुर्घटना कैशलेस स्कीम को लेकर पैनल डाक्टरों के साथ बैठक करते एसपी। *फोटो : हरिभूमि*

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने पुलिस लाइन के प्रशासनिक भवन में हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित पैनल अस्पतालों के डॉक्टरों और टेक्निशियनों के साथ बैठक कर सडक़ दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को दी जाने वाली कैशलेस स्कीम के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस ने इस संबंध में एक अनूठी पहल शुरु की गई है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सडक़ दुर्घटना में घायलों को अब 1.5 लाख रुपये की कैशलेस मुफ्त उपचार सुविधा प्रदान की जा रही है, सडक़ दुर्घटना में पीड़ित की मदद के लिए कैशलेस उपचार योजना शुरु की है,जिसके तहत सड़क दुर्घटना के 24 घंटे के भीतर पुलिस रिपोर्ट दर्ज होने पर सात दिनों तक 1.5 लाख रुपए तक के उपचार को कवर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित पैनल हॉस्पिटल का प्रबंधन करने वाले सडक़ दुर्घटना में घायल व्यक्ति का डेटा अपने सॉफ्टवेयर में अपलोड करेंगे और संबंधित पुलिस स्टेशन को सूचित करेगा। पुलिस छह घंटे के भीतर पुष्टि करेगी कि उक्त व्यक्ति सड़क दुर्घटना में शामिल था या नहीं। उन्होंने बताया कि पुलिस की जांच के दौरान सडक़ दुर्घटना की पुष्टि होने पर ही घायल व्यक्ति को कैशलेस मुफ्त उपचार मिले सकेगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सडक़ दुर्घटना के बाद का एक घंटा गोल्डन ऑवर होता है इसलिए यदि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को नजदीकी हॉस्पिटल में पहुंचाया जाए समय रहते,व्यक्ति के बहुमूल्य जीवन बचाया जा सकता है।

एसपी ने डॉक्टरों व टेक्नीशियनों से कहा कि हमें मिलजुल कर काम करने की आवश्यकता है इसलिए आप अपने अधीनस्थ इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन, एंबुलेंस ड्राइवर, टीएमएस जरनेट करने वाले कंप्यूटर ऑपरेटर व पुलिस डिपार्टमेंट के कर्मचारियों के साथ एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं, ताकि छोटी से छोटी जानकारी एक दूसरे के साथ साझा की जा सके और समय रहते आसपास के इन हॉस्पिटल में सडक़ दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दाखिल करवाकर गोल्डन ओवर में उक्त व्यक्ति का प्राथमिक उपचार करवा कर उसका बहुमूल्य जीवन बचाया जा सके। इस बैठक में एएसपी उत्तम पहल, सिविल अस्पताल के डिप्टी सीएमओ रामकिशन, डीएमसी अस्पताल के डॉक्टर राजकुमार, डीएसपी आदर्श दीप, डीएसपी विकास कृष्ण सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## जट्ट भाईचारा वेल्फेयर एसोसिएशन बांटेगी सब्जियों के बीजः भुल्लर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। पुस्तक का विमोचन करते हुए जट्ट भाईचारा वेल्फेयर एसोसिएशन।

जट्ट भाईचारा वेल्फेयर एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग प्रधान हरदेव सिंह भुल्लर की अध्यक्षता में हुई। एसोसिएशन के प्रधान हरदेव सिंह भुल्लर ने कहा कि आगामी 23 मार्च को शहीद भगत सिंह स्टेडियम में होने वाले कबड्डी टूर्नामेंट में जट्ट भाईचारा की ओर से स्टॉल लगाकर सब्जियों के बीज निःशुल्क बांटे जाएंगे। सचिव बच्चन सिंह ढींडसा ने कहा कि हर छमाही की तरह आगामी 29 मार्च को अमावस वाले दिन गुरुद्वारा चिल्ला साहिब में भी सब्जियों के बीज निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। हरदीप सिंह सरकारिया ने कहा कि हमारे स्लोगन घर दी सब्जी घर दा दूध/तहत सब्जियों के बीज वितरित करने का उद्देश्य यह है कि हर किसान अपने खेत में अपने घर के लिए हरी सब्जी जरूर लगाएं और साथ ही शुद्ध दूध के लिए पशुपालन भी अत्यावश्यक है। इस अवसर पर संस्था के सीनियर मेंबर गुरविंदर सिंह घुम्मन की पुस्तक किसान नाल जहान का विमोचन किया गया। इस पुस्तक के माध्यम से लेखक ने किसानों की मौजूदा स्थिति की चिंता जताते हुए कहा कि किसानी में सुधार की जरूरत पर बल दिया है।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बोदीवाली ब्लाक भट्टूकलां जिला फतेहाबाद में 6 कंडम कमरों की नीलामी दिनांक 19-3-2025 को विद्यालय परिसर में की जाएगी। धरोहर राशि मौके पर जमा करवाई जाएगी। नियम व शर्तें मौके पर बताए जाएंगी। बोली लगाने के इच्छुक उम्मीदवार को दिनांक 19-03-2025 दिन बुधवार को सुबह 10 बजे राजकीय व.मा. विद्यालय, बोदीवाली (3313) में पहुंचे।

प्रधानाचार्य श्री राम सिंह जी मो. 94164-39671 — एस.एम.सी. राजकीय व.मा. विद्यालय, बोदीवाली

## खबर संक्षेप

### चोरी सोलर इनवर्टर सहित आरोपी काबू

**ओढां।** सीआईए डबवाली पुलिस ने खेतों से चोरी हुए लाखों रुपए के 6 सोलर इनवर्टर चोरी करने के मामले में आरोपी वीर सिंह वीर सिंह उर्फ बोहड पुत्र प्रीतम सिंह निवासी ओढां को काबू करके उसके कब्जे से चोरीशुदा इनवर्टरों को बरामद कर लिया है। सीआईए डबवाली प्रभारी उप नि. राजपाल ने बताया कि एएसआई जगजीत सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान बस अड्डा ओढां पर मौजूद थे।

### रतिया के गांव अमानी से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने रतिया के गांव अमानी से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव अमानी निवासी जगसीर सिंह ने कहा है कि उसकी गांव में ही दुकान है। वह अपने मोटरसाइकिल को दुकान के बाहर खड़ा करके गुरूद्वारे में चला गया था। कुछ देर बाद जब वह गुरुद्वारे से वापस दुकान पर आया तो मोटरसाइकिल गायब थी।

### रतिया व टोहाना से दो विवाहिताएं लापता

**फतेहाबाद।** जिले के रतिया व टोहाना शहर से दो विवाहिताओं के लापता होने का समाचार है। दोनों मामलों में परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। सदर रतिया पुलिस को दी शिकायत में गांव रायपुर निवासी एक युवक ने कहा है कि उसकी 24 वर्षीय पत्नी गत दिवस 4 साल के लडक़े को साथ लेकर अपने जीजा के साथ उससे नाराज होकर अपने मायके गांव धांगड़ के लिए निकली थी।

### एटीएम बदलकर खाते से हजारों रुपये निकाले

**फतेहाबाद।** टोहाना में मदद के नाम पर एक ठग ने युवक का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से हजारों रुपये निकलवा लिए। इस बारे पीड़ित युवक द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। इस मामले में टोहाना पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में जींद के गांव राजगढ़ डोबी निवासी छत्रपाल ने कहा है कि गत दिवस वह किसी काम से टोहाना आया था।

### दुकान से नकदी चुराने के आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शहर फतेहाबाद पुलिस ने सिरसा रोड स्थित एक दुकान से 1 लाख 40 हजार रुपये की नकदी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए सिरसा के एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान राजू उर्फ मुन्ना पुत्र दरबारा सिंह निवासी हुडा सैक्टर 19-बी, सिरसा के रूप में हुई है।

### भाईचारा व आपसी सौहार्द बढ़ाते हैं त्योहार

**सिरसा।** स्वर्णकार महिला समाज द्वारा सोनी धर्मशाला में होली का उत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वर्णकार महिला समाज की मुख्य संचालिका अनीता जयमल सिंह वर्मा ने बताया कि समाज की महिलाओं ने सर्वप्रथम फूलों की होली खेली आर इसके बाद एक-दूसरे को गुलाल लगाया।

### अश्विनी ने रजत, खनक ने कांस्य पदक जीता

**सिरसा।** महाराष्ट्र के नासिक में हुई कैडेट सीओसी फाइनल चैंपियनशिप में द सिरसा स्कूल के खिलाडिय़ों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल व जिले का नाम रोशन किया। स्कूल की डायरेक्टर व प्रिंसीपल मनीषा गोदारा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्कूल की छात्रा अश्विनी ने रजत पदक और खनक सिंगला ने कांस्य पदक जीता। गोदारा ने बताया कि अश्विनी ने रजत पदक जीतने के साथ ही आने वाली कैडेट वर्ल्ड चैंपियनशिप के ट्रायल के लिए जगह पक्की कर ली है। मनीषा गोदारा ने पदक विजेता खिलाडिय़ों व कोच को बधाई देते हुए कहा कि यह दोनों की मेहनत का परिणाम है। स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ खेलों बेहतर विकल्प उपलब्ध करवाए।

---

# फाल्गुन शुक्ला एकादशी पर श्याम मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़ द्वादशी पर किया यज्ञ, भक्तों के समक्ष बाबा की महिमा का बखान

### प्रसिद्ध भजन गायक अमित द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्यामभक्त मदमस्त होकर झूमे

**सोमवार रात मंदिर में बाबा का भव्य संकीर्तन किया गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फाल्गुन शुक्ल एकादशी आमलक एकादशी के पावन अवसर पर श्री खाटू श्याम मंदिर, फतेहाबाद में पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर भारी संख्या में श्याम भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर सभी श्याम भक्तों ने श्री श्याम बाबा के समक्ष छप्पन भोग के प्रसाद का भोग लगवाया व आरती की गई। श्याम मंदिर के पुजारी सोनू शर्मा व सूरज शर्मा ने भक्तों के समक्ष बाबा की महिमा का बखान किया और बताया कि आज ही के दिन खाटू में खाटू श्याम जी प्रकट हुए थे और इसी दिन उनकी स्थापना हुई थी।

**कई क्विंटल प्रसाद वितरित किया गया**

सोमवार रात मंदिर में बाबा का भव्य संकीर्तन किया गया। मंगलवार सुबह फाल्गुन द्वादशी पर हवन यज्ञ के बाद बाबा की भव्य पूजा अर्चना की गई। बता दें कि आज ही के दिन खाटू श्याम जी, जिला सिकर में भव्य मेला लगाया जाता है जिसमें सभी भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। श्री श्याम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भजन गायकों ने बाबा श्याम के भजन गाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। संकीर्तन के प्रारंभ में भजन गायकों ने भजनों की ऐसी तान छेड़ी कि सभी श्याम भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। प्रसिद्ध भजन गायक अमित द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्यामभक्त मदमस्त होकर झूमने लगे। भारत टुटेजा ने 'आज बिरज में होरी हैं रे रसिया, होरी-रे, होरी-रे बरजोरी रे रसिया, 'म्हाने बुलाओ बारम्बार, खाटू श्याम दरबार पर खड़ा दास, पर भक्त खूब झूमे। उल्लेखनीय है कि इसी दिन खाटू श्याम में फाल्गुन उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। फतेहाबाद के इतिहास में यह पहला मंदिर है जहां फाल्गुन एकादशी व द्वादशी पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। ग्यारस की रात को श्याम मंदिर में कई क्विंटल प्रसाद वितरित किया गया। यह प्रसाद भक्तों द्वारा चढ़ाया गया था। बारस के दिन अलसुबह ही लोग यहां दर्शनों के लिए जुटना शुरू हो गए।



**फतेहाबाद।** फाल्गुन उत्सव को लेकर सजा श्री श्याम मंदिर।



**14 को श्री श्याम मंदिर में फाग उत्सव**

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि 13 मार्च को होलिका दहन होगा वहीं 14 मार्च को श्री श्याम मंदिर, फतेहाबाद में फाग उत्सव मनाया जाएगा। सायं 4 बजे से देर रात्रि तक श्याम संकीर्तन किया जाएगा, जिसमें लोकल व दूरदराज से आए कलाकार श्याम महिमा का बखान करेंगे। इस मौके पर श्री श्याम मंडल के प्रधान डॉ. सुभाष शर्मा, डॉ. पवन हंसवाल, भीम असीजा, प्रदीप कुमार, सुनील मदान, शिव कुमार सर्राफ, नरेश गर्ग, राजेश मित्तल सहित भारी सख्या में भगत मौजूद थे। अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

---

### राज्यसभा में चर्चा में हिस्सा लेते हुए रेलवे के प्रशासनिक सुधार की जानकारी दी

# सांसद सुभाष बराला ने की रेलवे संशोधन विधेयक की जोरदार पैरवी

**यह विधेयक भारतीय रेलवे को नई तकनीकों, सुरक्षा उपायों और यात्री सुविधाओं के मामले में आगे बढ़ाने में मदद करेगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद





**फतेहाबाद।** राज्यसभा में रेलवे संशोधन विधेयक 2024 पर हो रही चर्चा में हिस्सा लेते राज्यसभा सांसद सुभाष बराला।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने राज्यसभा में रेलवे संशोधन विधेयक 2024 पर हो रही महत्वपूर्ण चर्चा में हिस्सा लेते हुए विधेयक के उद्देश्य और कारणों पर व्याख्यान देते हुए इसे रेलवे के प्रशासनिक कामकाज और कार्य संचालन को अधिक पारदर्शी व जवाबदेही वाला बताया है। सांसद सुभाष बराला ने रेलवे संशोधन विधेयक 2024 का समर्थन करते हुए कहा कि यह विधेयक भारतीय रेलवे को नई तकनीकों, सुरक्षा उपायों और यात्री सुविधाओं के मामले में आगे बढ़ाने में मदद करेगा। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि रेलवे परियोजनाओं को और तेज गति से लागू किया जाए ताकि आम जनता को अधिक लाभ मिल सके। राज्यसभा सांसद ने कहा कि बड़ी हैरानी की बात है कि 1905 में बना रेलवे बोर्ड अधिनियम मात्र एक कार्यकारी आदेश के आधार पर 120 साल से काम कर रहा है, परंतु इसे वैधानिक दर्जा नहीं मिला था। अब केंद्र सरकार इस बोर्ड को वैधानिक दर्जा प्रदान करेगी। साथ में सबसे अच्छी बात यह है कि रेलवे के पारंपरिक संरचनागत ढांचे से छेड़छाड़ किए बिना ही रेलवे बोर्ड को एक केंद्रीय प्राधिकरण का दर्जा मिलेगा। उसके सदस्यों के चयन, योग्यता निर्धारण आदि में सरकार की भूमिका यथावत रहेगी। संशोधन विधेयक को लोक सभा पहले ही 11 दिसंबर, 2024 को पारित कर चुकी है। इस विधेयक के उद्देश्यों और कारणों के कथन को पढक़र स्वतः ज्ञात हो जाता है। उन्होंने कहा कि इसका दूसरा उद्देश्य, रेलवे के प्रशासनिक कामकाज में सुधार लाना है।

**महत्वपूर्ण विधेयक का समर्थन करें**

राज्यसभा सांसद ने कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा इस विसंगति को दूर करने के लिए एक सार्थक पहल की जा रही है। हम सभी को इसका खुले दिल से स्वागत करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में हमारे नियम, विनियम और अधिनियम ना केवल समकालीन आवश्यकताओं के अनुरूप होने चाहिए बल्कि भविष्योन्मुखी होने चाहिए। आज के नए भारत में अपने दायित्वों और आत्म सम्मान को तिलांजलि देकर उपनिवेशवाद के प्रतीकों से मोह रखना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि वर्तमान रेलवे संशोधन विधेयक, 2024 के पारित होने से वे सभी कानूनी और प्रशासनिक सुधार संभव हो पाएंगे जो भविष्य में भारतीय रेलवे को विश्व पटल पर सर्वोत्तम रेलवे बनाएंगे और समुन्नत और सशक्त रेल नेटवर्क ही एक आत्म निर्भर, समृद्ध और विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा। राज्यसभा सांसद ने सभी सदस्यों से सादर आग्रह किया कि वे दलगत भावना से ऊपर उठकर सर्वसम्मति से इस महत्वपूर्ण विधेयक का समर्थन करें और पारित करें।

### बिनैन खाप के कॉम्प्लेक्स व लाइब्रेरी के लिए 21 लाख रुपये किए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गांव दनौदा स्थित बिनैन खाप की सर्वजातीय पंचायत कॉम्प्लेक्स में बनने वाली लाइब्रेरी के लिए अपनी सांसद निधि से 21 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। इस अवसर पर सांसद सुभाष बराला ने कहा कि लाइब्रेरी के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं, छात्रों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को डिजिटल संसाधनों की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय आधुनिक तकनीक से लैस होगा, जहां छात्र ऑनलाइन पुस्तके, शोध पत्र, डिजिटल नोट्स और अन्य शैक्षणिक सामग्री का लाभ उठा सकेंगे। सांसद ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे ले जाने का सबसे मजबूत माध्यम है, और इसी सोच के तहत यह पहल की गई है। उन्होंने आशा जताई कि इस पुस्तकालय से क्षेत्र के युवा ज्ञान अर्जन में आगे बढ़ेंगे और अपने भविष्य को उज्जवल बनाएंगे।

**बिनैन खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुवीर सिंह नैन ने आभार जताया**

बिनैन खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुवीर सिंह नैन व स्थानीय ग्रामीणों ने सांसद सुभाष बराला के इस योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह लाइब्रेरी क्षेत्र के शैक्षिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। सांसद के निजी सचिव कृष्ण नैन ने बताया कि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला बिनैन खाप से ही संबंध रखते हैं क्योंकि इनका पैतृक गांव डांगरा बिनैन खाप के अंतर्गत आता है।



**सिरसा।** भजन प्रस्तुत गाते गायक। फोटो : हरिभूमि

# हारे के सहारे आजा मेरा दिल ये पुकारे आजा...

- अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में फाल्गुन मास की एकादशी पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से फाल्गुन मास की एकादशी पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। एकादशी पर एक श्याम भक्त जहां दंडवत करते हुए पहुंचा वहीं कुछ भक्त पैदल निशान लेकर बगीची में पहुंचे। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि फाल्गुन मास की एकादशी पर मंदिर परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायक प्रवीण शर्मा ने भजन- गजब कर डारो सितम कर डारो, खर्चो भेज दे सांवरिया मर्ण खाटू जाणा सै, सांवरियो बैठयो है जो लेणो है सो मांग ले सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद राजस्थान के नोहर से आए भजन गायक राजपाल स्वामी ने भजनों के माध्यम से अपनी हाजिरी लगाई। राजपाल ने भजन- बाला सा थाण कोण सजायो जी, प्यारा सा मुखड़ा घुघराले केश, हारे के सहारे आजा मेरा दिल ये पुकारे आजा, बड़े दिनों के बाद ये दिन आया है मेरा सांवरा नीलै चढ़ घर आया है, हारा हूं बाबा पर तुम पर भरोसा है, हारे का सहारा है बाबा श्याम हमारा है, देना है तो दीजिए जन्म जन्म का साथ, गर जोर मेरो चालै तो हीरा मोतियां सै नजर उतार दूं सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। जिन पर श्याम भक्त रात भर झूमते रहे।

**बाबा श्याम के दर्शन किए**

पवन गर्ग ने बताया कि सुभाष कॉलोनी से एक श्याम भक्त दंडवत करते हुए श्याम बगीची धाम में पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन किए। वहीं खैरपुर कॉलोनी से कुछ भक्त पैदल बाबा का निशान लेकर बगीची में पहुंचकर बाबा को चढ़ाया। रात का भजन संध्या के समापन पर बाबा श्याम की आरती की गई और बाबा को भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

---

# एमएम शिक्षण महाविद्यालय में होली उत्सव में खूब चले गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान प्रणाली विभाग और सांस्कृतिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होली उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ढोल की थाप पर छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक लोकगीतों पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया, एक-दूसरे को रंग लगाकर होली का जश्न मनाया, जिससे पूरा परिसर उल्लास और उमंग से सराबोर हो गया। भारतीय ज्ञान प्रणाली विभाग की इंचार्ज सुमन बिश्नोई ने होली पर्व का संदेश देते हुए इसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पक्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि होली बुराई पर अच्छाई की विजय, प्रेम, सौहाद्र्र और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। सांस्कृतिक विभाग के इंचार्ज अमनप्रीत ने विद्यार्थियों को रंगों के महत्व के बारे में जानकारी दी। उनके नेतृत्व में विद्यार्थियों ने पारंपरिक तरीकों से होली मनाई और उत्सव को हर्ष और उल्लास के साथ मनाया।



**फतेहाबाद।** एमएम शिक्षण महाविद्यालय में होली उत्सव मनाती स्टाफ सदस्य।

# समाधान शिविर में 18 लोगों ने रखी शिकायतें

- सीटीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में सीटीएम गौरव गुप्ता ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक बिना किसी बाधा के पहुंचना चाहिए। सीटीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे सभी आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित निर्देशों के अनुसार प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिला और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि नागरिक अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकें और उनका शीघ्र समाधान हो सके। मंगलवार को आयोजित शिविर में उन्होंने नागरिकों की शिकायतों व सुझावों को गंभीरता से सुना।



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते सीटीएम गौरव गुप्ता।

**शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं**

शिविर के दौरान राजस्व, सामाजिक न्याय, बिजली, जल आपूर्ति, शिक्षा, नगर निगम, स्वास्थ्य, श्रम विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। समाधान शिविर में कुल 18 शिकायतें आई जिनके समाधान के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सीटीएम ने नागरिकों से अपील की कि वे इन समाधान शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं को बेझिझक प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करें।

---



# जैव विविधता संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी जरूरी: भारती अरोड़ा

**फतेहाबाद।** हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड की जिला समन्वयक भारती अरोड़ा की अध्यक्षता में गांव बनगांव में जैव विविधता संरक्षण के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि जैव विविधता संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने बताया कि जैव विविधता का अर्थ है पृथ्वी पर सभी जीवित चीजों की विविधता, जिसमें पौधे, जानवर, सूक्ष्मजीव और उनके आवास शामिल हैं और इनके संरक्षण के लिए प्राकृतिक संसाधनों का स्थायी प्रबंधन और संरक्षित क्षेत्रों की स्थापना जैसे उपाय महत्वपूर्ण हैं। जैव विविधता पर बोलते हुए उन्होंने बताया कि यह पारिस्थितिक तंत्र को स्वस्थ बनाए रखने और पृथ्वी पर जीवन के लिए आवश्यक है।

### खैरातीखेड़ा में विशाल कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

# प्रदेश के कबड्डी खिलाड़ियों ने विश्वभर में चमकाया नाम

- सबाबा तोतापुरी जी महाराज की स्मृति में खैरातीखेड़ा स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

संत शिरोमणी बाबा तोतापुरी जी महाराज की स्मृति में गांव खैरातीखेड़ा स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में 5वां विशाल कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में हरियाणा और पंजाब के अनेक पहलवानों ने भाग लिया और कबड्डी में दमखम दिखाया। कबड्डी मुकाबले देखने को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आया और सैंकड़ों की संख्या में लोग कबड्डी मुकाबला देखने पहुंचे। टूर्नामेंट का शुभारंभ बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव ठाकुर भवानी सिंह ने किया। खिलाडिय़ों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल को खेल भावना से खेलने का आह्वान किया। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला नरवाना और सुरेवाला के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबला जाण्डली कलां और जींद की शाहपुर की टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में जांडली कलां की टीम प्रथम तथा शाहपुर, जींद की टीम द्वितीय स्थान पर रही।



**फतेहाबाद।** खैरातीखेड़ा में कबड्डी टूर्नामेंट में मुख्यअतिथि भवानी सिंह को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

**खेलों से बढ़ता है आपसी भाईचारा**

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ठाकुर भवानी सिंह ने ग्रामीण स्तर पर इस प्रकार के टूर्नामेंट आयोजित करने पर कमेटी सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कबड्डी भारत का पारंपरिक खेल है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में यह काफी लोकप्रिय है। अब तक विश्वभर में कबड्डी टूर्नामेंटों का आयोजन होना लगा है जिसमें भारतीय खिलाडिय़ों ने अपना लोहा मनवाया है। उन्होंने खिलाडिय़ों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कबड्डी आज केवल एक खेल नहीं रहा, इस खेल में अच्छा प्रदर्शन कर खिलाड़ी अपने भविष्य को भी उज्ज्वल कर सकते हैं। भवानी सिंह ने कहा कि इस प्रकार के खेलों से आपसी भाईचारा बढ़ता है वहीं कबड्डी खेलने से शारीरिक रूप से भी काफी फायदे हैं। इससे जहां मांसपेशियों की ताकत बढ़ती है वहीं खिलाड़ी में अनुशासन और सहयोग की भावना भी विकसित होती है। साधुराम चावड़ा, प्रवीन कसाणा, बिट्टू, संदीप भडाणा, विक्रम बागड़ी, दीपू बागड़ी, अनूप कसाना, रमेश मणकस, कुलदीप कसाना सहित अन्य सदस्यों ने बधाई दी।